

# जींगनी गांव में डंप मिला 20 ट्रॉली चंबल का रेत नष्ट कराया

## पुलिस, वनविभाग और राजस्व अमले की संयुक्त कार्रवाई



**नवभारत न्यूज**

**मुरैना, 28 मई ।** अवैध रेत कारोबार के खिलाफ गुरुवार को थाना माताबसैया पुलिस, राजस्व विभाग और वन विभाग की संयुक्त टीम ने कार्रवाई की। ग्राम जींगनी में अलग-अलग स्थानों पर दबिश देकर करीब 20 ट्रॉली अवैध रेत जब्त की गई, जिसे जेसीबी मशीन से मिट्टी में मिलाकर नष्ट कर दिया गया।

संयुक्त टीम को कार्रवाई के दौरान करीब 40 घनमीटर रेत अवैध रूप से भंडारित मिली, जिसकी कीमत करीब 44 हजार रुपए बताई गई है। कार्रवाई योजनाबद्ध तरीके से पुलिस बल की मौजूदगी में की गई।

**रेत परिवहन के रास्तों पर जेसीबी मशीन से खुदवाए गड्ढे**

रेत के परिवहन को रोकने के लिए सिविल लाईन थाना पुलिस ने गुरूवार को घिरौना मंदिर के पीछे से होकर जाने वाले रास्ते और घिरौना मंदिर के सामने प्रेमनगर के रास्ते पर जेसीबी मशीनों की मदद से गहरे गड्ढे खुदवाकर इन रास्तों को अवरुद्ध करने की कार्रवाई की।

**कार्रवाई करने वाली टीम में यह रहे शामिल**

कार्रवाई में सिविल लाईन थाना प्रभारी निरीक्षक उदयभान यादव, माताबसैया थाना प्रभारी एसआई विवेक तोमर, सउनि मनीष पाठक, आरक्षक करन जाट, तेजवीर सिंह, गोपाल चौहान, फरेन्द्र सिंह सहित वन विभाग के बासित मोहम्मद, सुनील कुमार और सुनील कंषाना कार्रवाई करने वाली टीम में शामिल थे।



### चंबल की रेत से भरा डंपर पकड़ा, चालक फरार

**चिन्नौनी पुलिस ने की बुधवार की रात कार्रवाई**

**मुरैना, 28 मई ।** चंबल क्षेत्र में रेत के अवैध कारोबार को रोकने पुलिस द्वारा ताबड़तोड़ कार्यवाहियां की जा रहीं है । इसी क्रम में चिन्नौनी पुलिस ने बुधवार-गुरूवार की दरम्यानी रात को रेत का अवैध रूप से परिवहन करते हुए एक डंपर को जब्त किया । हालांकि कार्रवाई के दौरान ड्राइवर मौका पाकर भाग निकला । बुधवार की रात को चिन्नौनी पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि अवैध रेत से भरा डम्पर बृजगढ़ी गांव के रास्ते से होकर गुजरने वाला है । पुलिस ने बृजगढ़ी की पुलिया के पास घेराबंदी कर चेकिंग शुरू की । इसी दौरान जब पुलिस ने एक डंपर को रोकने की कोशिश की तो ड्राईवर डंपर को तेज रफ्तार में दौड़ाने लगा । पुलिस टीम ने पीछा कर घेराबंदी करते हुए डंपर को पकड़ लिया । जबकि अंधेरे का लाभ उठाकर ड्राईवर भाग निकला । जांच के दौरान डंपर में चंबल नदी का रेत भरा हुआ मिला । पुलिस ने अज्ञात आरोपी के विरुद्ध मप्र खनिज अधिनियम की धाराओं में अपराध दर्ज किया है । कार्रवाई में एसआई ऋषिकेश शर्मा, आरक्षक विकास, हरेन्द्र, जितेन्द्र, शैलेष गुर्जर शामिल थे ।

# कलश यात्रा के साथ गिरगौनी गांव में भागवत कथा प्रारंभ



**नवभारत न्यूज**

**मुरैना, 28 मई ।** नूराबाद क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम गिरगौनी में संगीतमयी श्रीमद भागवत कथा ज्ञानयज्ञ का आयोजन 28 मई से प्रारंभ हो गया है । आयोजन के शुरू होने से पहले भव्य कलश यात्रा निकाली गई । कथा का आयोजन डाढ़े वाले हनुमान जी महाराज की कृपा से किया जा रहा है। आयोजन समिति के अनुसार अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त कथा वाचक पं. वेद रामदास शास्त्री द्वारा कथा वाचन किया जाएगा । कथा के माध्यम से भगवान श्रीकृष्ण एवं श्रीराम के दिव्य चरित्रों का रसपान कराया जाएगा । कार्यक्रम की शुरुआत 28 मई को गणेश पूजन एवं कलश यात्रा के साथ होगी । वहीं 4 जून को हवन पूर्णाहुति एवं भंडारे का आयोजन किया जाएगा । कथा प्रतिदिन सुबह 11 बजे से शाम 4 बजे तक चलेगी । आयोजकों ने श्रद्धालुओं से परिवार सहित उपस्थित होकर कथा श्रवण का लाभ लेने की अपील की है ।

### राष्ट्रीय युवा योजना की बैठक सागर में 30-31 को होगी

**मुरैना/जौरा, 28 मई ।** राष्ट्रीय युवा योजना की दो दिवसीय राष्ट्रीय बैठक 30 एवं 31 मई को सागर में आयोजित होगी । बैठक में देशभर से आए सामाजिक कार्यकर्ता, युवा पीढ़ी तक डॉ. एसएन सुब्बाराव के विचार पहुंचाने पर मंथन करेंगे । बैठक में गांधीवादी विचारक पीवी राजगोपाल सहित विभिन्न राज्यों के प्रतिनिधि शामिल होंगे । आयोजन में संगठन की भावी योजनाओं, युवाओं के चरित्र निर्माण और सामाजिक मूल्यों के प्रसार पर चर्चा होगी । कार्यक्रम के संयोजक प्रचंड जायसवाल एवं प्यारीजान जी है, जबकि सह संयोजक पंकज झाला को बनाया गया है ।



### शादी से 22 दिन पूर्व नवयुवती ने की खुदकुशी

**सिहौनिया क्षेत्र के ग्राम हनुमानपुरा में हुई घटना**

**नवभारत न्यूज**

**मुरैना, 28 मई ।** सिहोनियां थाना क्षेत्र के हनुमानपुरा गांव में शादी की खुशियां उस समय मातम में बदल गईं, जब 20 वर्षीय नवयुवती ने पेड़ पर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली । युवती की शादी आगामी 19 जून को होने वाली थी और परिवार शादी की तैयारियों में जुटा हुआ था। जानकारी के अनुसार किसान रामसहाय सखवार की बेटी कृष्णा सखवार गुरुवार की सुबह घर से शौच के लिए निकली थी, लेकिन काफी देर तक वापस नहीं लौटी । परिजनों ने तलाश शुरू की तो गांव के बाहर बमूर के पेड़ पर उसका शव लटका मिला। घटना के बाद परिवार में चीख-पुकार मच गई । सूचना पर सिहोनियां पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेजा । गुरुवार शाम पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया । पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है।

### फायरिंग मामले में फरार पिंटू तमंचा सहित गिरफ्तार



**मुरैना, 28 मई ।** पोरसा थाने में फायरिंग की धाराओं में दर्ज अपराध में वांछित पिंटू सिंह सिकरवार पुत्र रामपाल सिंह सिकरवार निवासी ग्राम परोसा थाना गोरमी जिला भिंड को पोरसा पुलिस की टीम ने 28 मई को गोपी-अंबाह नहर के पास से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उसके पास से घटना में प्रयुक्त 315 बोर का तमंचा और एक जिंदा राउण्ड जब्त किए है । आरोपी के विरुद्ध आर्म्स एक्ट की धाराओं में प्रकरण पंजीबद्ध किया गया है। कार्रवाई में निरीक्षक दिनेश सिंह कुशवाह, प्र.आर. महेश शर्मा, आरक्षक सीताराम, पुष्पेन्द्र सिंह, श्रीचंद, प्रमोद जाट, कप्तान सिंह, आरक्षक चालक दुर्वेश यादव शामिल थे।



### कूलर में पानी भरते युवक की करंट से मौत

**माता बसैया थाना क्षेत्र के नगरा गांव में गुरुवार को हुई घटना**

**मुरैना, 28 मई ।** माता बसैया थाना क्षेत्र के नगरा गांव में गुरूवार को एक युवक की करंट लगने से मौत हो गई। युवक अपने घर में कूलर में पानी भर रहा था, तभी अचानक करंट की चपेट में आ गया। जानकारी के अनुसार मनोज जाटव 30 पुत्र बारेलाल जाटव गुरूवार की सुबह अपने घर पर था, इसी दौरान जब मनोज कूलर में पानी भर रहा था, तभी उसे करंट का झटका लगा और अचेत हो गया। परिजन उसे तत्काल जिला अस्पताल लेकर पहुंचें, जहां परीक्षण के बाद चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है।

### नवयुवती ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**मुरैना, 28 मई ।** शहर के तुस्सीपुरा इलाके में रहने वाली 21 वर्षीय युवती ने बुधवार-गुरूवार की रात को फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली । पुलिस ने मर्ग कायम कर लिया है । जानकारी के अनुसार तुस्सीपुरा में रहने वाली रोहिणी माहौर 21 पुत्री रामधन माहौर बुधवार की रात को भोजन करने के बाद अपने कमरे में सोने चली गई थी। गुरूवार की सुबह जब काफी देर बाद भी रोहिणी ने अपने कमरे का दरवाजा नहीं खोला, तब परिजन को संदेह हुआ। जोर आजमाईश कर परिजन ने कमरे का दरवाजा खोला तो कमरे के अंदर रोहिणी फंदे पर झूलती हुई मिली । सूचना मिलने के बाद स्टेशन रोड थाना पुलिस मौके पर पहुंचीं और शव को फंदे से उतारकर पोस्टमार्टम के लिए पहुंचाया । मर्ग कायम कर पुलिस ने विवेचना शुरू कर दी है ।

### आईटीआई में प्रवेश के लिए ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन शुरू

**मुरैना, 28 मई ।** शासकीय आईटीआई मुरैना में शैक्षणिक सत्र 202627 के प्रवेश हेतु ऑनलाइन पंजीयन प्रक्रिया 26 मई से शुरू हो गई है, जो 30 जून तक चलेगी । इच्छुक अभ्यर्थी विभागीय पोर्टल पर प्रवेश रजिस्ट्रेशन-2026 लिंक के माध्यम से आवेदन एवं त्रुटि सुधार कर सकते हैं । प्राचार्य ने बताया कि एनसीवीटी एवं एससीवीटी पाठ्यक्रमों के लिए चॉइस फिलिंग की प्रक्रिया 1 जून से 30 जून तक संचालित होगी । अभ्यर्थियों को समयसीमा के भीतर ट्रेड एवं संस्थान का चयन करने की सलाह दी गई है ।



# ईद-उल-अजहा पर मांगी अमन-चैन की दुआ

## जिलेभर में शांति-सौहार्द्र से मनाया बकरीद का त्यौहार

**नवभारत न्यूज**

**मुरैना, 28 मई ।** जिलेभर में ईद-उल-अजहा का पर्व शांति, सद्भाव और भाईचारे के साथ मनाया गया। मुरैना शहर में गणेशपुरा स्थित ईदगाह में सुबह 7.30 बजे मुख्य नमाज अता की गई, जहां मुस्लिम समाज के लोगों ने देश-दुनिया में अमन-चैन और भाईचारे की दुआ मांगी ।

नमाज के बाद लोगों ने एक-दूसरे को गले मिलकर ईद की मुबारकबाद दी । बच्चों में त्योहार को लेकर खास उत्साह दिखाई दिया। इसके बाद घरों में कुर्बानी का सिलसिला शुरू हुआ और लोगों ने रिश्तेदारों व परिचितों को दावत दी । ईद को लेकर जिला एवं पुलिस प्रशासन की ओर से सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे । ईदगाह सहित शहर के प्रमुख स्थानों पर पुलिस बल तैनात रहा ।

ईदगाह के अलावा मुरैना शहर में जामा मस्जिद, सुल्तानियां मस्जिद, उस्मानी मस्जिद और अन्य मस्जिदों में भी नमाज अता की गई। इस अवसर पर कई जनप्रतिनिधि भी ईदगाह पहुंचे और मुस्लिम समाज को पर्व की शुभकामनाएं दीं ।

# भारत का डंका, व्हील चेयर क्रिकेट में श्रीलंका को हराया



**नवभारत न्यूज**

**मुरैना, 28 मई ।** भारतीय व्हीलचेयर क्रिकेट टीम ने श्रीलंका में आयोजित अंतरराष्ट्रीय व्हील चेयर क्रिकेट-2.0 चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन करते हुए मेजबान श्रीलंका टीम को 3-0 से हराकर सीरीज अपने नाम कर ली है। भारतीय कप्तान कबीर भदौरिया के नेतृत्व में टीम इंडिया ने तीनों मुकाबलों में दबदबा बनाए रखा ।

इस ऐतिहासिक जीत में मुरैना जिले की कैलारस तहसील के ग्राम खेरा मानगढ़ निवासी मनोज धाकड़ ने अहम भूमिका निभाई । 2021 में सड़क हादसे में दोनों पैर गंवाने के बाद भी मनोज ने हार नहीं मानी और व्हीलचेयर क्रिकेट में अपनी पहचान बनाई । अब वे अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत को जीत दिलाने वाले खिलाड़ियों में शामिल हो गए हैं। लॉयन व्हील चेयर क्रिकेट एसोसिएशन ऑफ इंडिया द्वारा आयोजित यह टूर्नामेंट 26 से 28 मई तक कोलंबो में खेला गया। भारतीय टीम में मध्यप्रदेश के तीन खिलाड़ियों सहित देशभर के खिलाड़ी शामिल रहे । जिनमें मुरैना जिले के मनोज धाकड़ भी शामिल थे । आज 29 मई को भारतीय टीम के स्वदेश लौटने पर मुरैना में खिलाड़ियों के भव्य स्वागत की तैयारी की जा रही है ।

**665 करोड़ की परियोजनाओं को मंजूरी :** भारतीय रेल ने पशिचम मध्य रेल के अंतर्गत रेल सुरक्षा और परिचालन क्षमता को मजबूत करने के लिए 43 स्टेशनों पर अत्याधुनिक सिग्नलिंग आधुनिकीकरण परियोजनाओं को मंजूरी दी है.



### सेवा-समर्पण सप्ताह शुरू, जिला अस्पताल में मरीजों को बांटे फल

**बिस्मिल फाउंडेशन के तत्वावधान में हुआ आयोजन**

**नवभारत न्यूज**

**मुरैना, 28 मई ।** बिस्मिल शिक्षा एवं जनकल्याण सेवा संस्थान ने जिला अस्पताल से सेवा समर्पण सप्ताह की शुरुआत की। जिला पंचायत सीईओ कमलेश भार्गव ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया । इस दौरान अस्पताल में भर्ती मरीजों और उनके परिजनों को फल वितरित किए गए ।

सीईओ भार्गव ने कहा कि जरूरतमंदों के प्रति संवेदनशीलता ही सभ्य समाज की पहचान है। उन्होंने बिस्मिल फाउंडेशन के सेवा, शिक्षा और पर्यावरण संरक्षण से जुड़े कार्यों की सराहना की। संस्थान के अध्यक्ष डॉ. नरेश सिंह सिकरवार ने बताया कि सप्ताहभर सामाजिक समरसता, मानव सेवा और पर्यावरण संरक्षण से जुड़ी गतिविधियां आयोजित की जाएंगी । कार्यक्रम में डीईओ बीएस इंदौलिया, डीपीसी हरीश तिवारी डॉ. हरेन्द्र तोमर, रघुराज परमार, रामबरन पायथा, धीरेन्द्र सिकरवार, रूपसिंह, भारत सिंह सिकरवार, राजेन्द्र शर्मा, मंगल मौर्य सहित कई समाजसेवी मौजूद रहे ।

# पुलिस टीम पर हमला कर ट्रेक्टर लूटने वाला गिरफ्तार

## पांच साल से चल रहा था फरार, पुलिस ने घोषित किया था 5 हजार का इनाम

**नवभारत न्यूज**

**मुरैना, 28 मई ।** करीब पांच साल पहले पुलिस-वनविभाग की टीम पर हमला कर रेत से भरे ट्रेक्टर-ट्रॉली को छुड़ाकर ले जाने के मामले में नामजद अमित सिकरवार को देवगढ़ पुलिस ने 28 मई को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी अमित बीते पांच साल से फरार था, उसके ऊपर पांच हजार का ईनाम घोषित किया गया था।

जानकारी के अनुसार पुलिस टीम पर हमला कर रेत से भरे ट्रेक्टर-ट्रॉली को लूटे जाने की धाराओं में देवगढ़ थाने में अपराध क्रमांक 46/2021 दर्ज था जिसमें नामजद अमित सिकरवार पुत्र अनार सिंह सिकरवार फरार बना हुआ था। उसके ऊपर 5 हजार का ईनाम एसपी मुरैना ने घोषित किया था। मुखबिर से मिली सूचना पर पुलिस ने 28 मई को लौहरीपुरा गांव की पुलिया के पास से अमित सिकरवार को दबोच लिया। इस केस में नामजद कुल पांच आरोपियों को अब तक गिरफ्तार किया जा चुका है । जबकि दो आरोपी अब भी फरार है । जिनकी पुलिस तलाश कर रही है ।




**गिरफ्तारी में इनकी रही सराहनीय भूमिका**

देवगढ़ थाना प्रभारी एसआई जयपाल सिंह गुर्जर, एएसआई कन्हैयासिंह सिकरवार, प्र.आर. विपिन, चंद्रशेखर, आरक्षक सुनील शर्मा, शैलेन्द्र सिंह, रामेन्द्र सिंह, बहुदेव, नरेन्द्र, धीरेन्द्र शर्मा और आरक्षक चालक बांकेलाल की आरोपी की गिरफ्तारी में सराहनीय भूमिका रही है।

# गीता ज्ञान प्रवचन में दिया आत्म जागृति-संस्कारों का संदेश

### ब्रह्माकुमारी विवि के होली हाउस ने किया आयोजन



**नवभारत न्यूज**

**मुरैना, 28 मई ।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के होली हाऊस सेवा केंद्र द्वारा मानसरोवर पैलेस में आयोजित सात दिवसीय गीता ज्ञान प्रवचन कार्यक्रम के तीसरे दिन श्रद्धालुओं को आध्यात्मिकता, आत्म जागृति और संस्कारों का संदेश दिया गया ।

मुख्य वक्ता आस्था दीदी ने कहा कि वास्तविक सुख और शांति बाहर नहीं, बल्कि हमारे भीतर मौजूद है। जब व्यक्ति स्वयं को शरीर नहीं बल्कि आत्मा समझता है, तभी जीवन में सकारात्मक परिवर्तन आते हैं । उन्होंने कहा कि आत्मज्ञान व्यक्ति को भय, दु:ख और तनाव से मुक्त करता है । उन्होंने युवाओं से आधुनिकता के साथ संस्कार और आध्यात्मिक मूल्यों को अपनाने की अपील की । साथ ही क्रोध, अहंकार और नकारात्मक सोच को जीवन का सबसे बड़ा शत्रु बताया। ब्रह्माकुमारी रेखा बहन ने बताया कि 31 मई तक प्रतिदिन शाम को अलग-अलग विषयों पर प्रवचन आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने अधिक से अधिक लोगों से कार्यक्रम में शामिल होकर राजयोग मेडिटेशन और गीता ज्ञान का लाभ लेने की अपील की ।

### डीआरएम त्यागी ने किया रेलखंड का निरीक्षण

**भोपाल, 28 मई.** मंडल रेल प्रबंधक पंकज त्यागी ने गुना-शिवपुरी एवं गुना-बीना रेलखंड का गहन संरक्षा निरीक्षण किया. निरीक्षण के दौरान उन्होंने ट्रैक, सिग्नलिंग प्रणाली, समपार फाटकों और रेल संचालन से जुड़ी सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया. विंडो ट्रेलिंग निरीक्षण के माध्यम से रेलखंड की संरचना और परिचालन व्यवस्थाओं की विस्तार से समीक्षा की गई. गुना स्टेशन पर डीआरएम ने अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत चल रहे निर्माण एवं पुनर्विकास कार्यों का निरीक्षण किया. उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि यात्रियों को आधुनिक और बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए सभी कार्य गुणवत्ता और तय समयसीमा में पूरे किए जाएं. इस दौरान उन्होंने लोको पायलट और गार्ड लॉबी का भी निरीक्षण कर रनिंग स्टाफ के लिए उपलब्ध सुविधाओं, विश्राम व्यवस्था और काउंसलिंग सिस्टम की समीक्षा की.



### मनमेला कार्यक्रम में गर्भवती महिलाओं का हुआ हेल्थ चेकअप

**सिविल हॉस्पीटल जौरा में हुआ आयोजन**

**नवभारत न्यूज**

**मुरैना, 28 मई ।** सिविल हॉस्पिटल जौरा में संगत संस्था एवं मनकक्ष द्वारा मनमेला कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में गर्भवती महिलाओं और धात्री माताओं की मानसिक स्वास्थ्य जांच पीएचक्यू-9 स्क्रीनिंग के माध्यम से की गई।

इस दौरान आशा कार्यकर्ताओं को मनकक्ष, टेली मानस और मनहित ऐप की जानकारी दी गई। इसके साथ ही मानसिक स्वास्थ्य की पहचान एवं प्राथमिक परामर्श के तरीकों पर चर्चा हुई । कार्यक्रम में सीएच जौरा के सीबीएमओ डॉ. आरएस सैमिल ने कहा कि स्वस्थ मां स्वस्थ बच्चा यही हमारा उद्देश्य है। उन्होंने मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता को जरूरी बताया। कार्यक्रम में डॉ. अमृत राजे, नीलोफर, महेंद्रपाल सिंह, मधु सैमिल, संदीप सेंगर, डॉ. निवेदिता अग्रवाल सहित अन्य स्वास्थ्यकर्मी उपस्थित रहे।